तुम्हरो मंत्र बिभीषण माना । लंकेश्वर भय सब जग जाना ।।
युग सहस्र योजन पर भानू । लील्यो ताहि मधुर फल जानू ।।
प्रभु मुद्रिका मेलि मुख माहीं । जलधि लांघि गये अचरज नाहीं ।।

दुर्गम काज जगत् के जेते । सुगम अनुग्रह तुम्हरे तेते ।।
राम दुआरे तुम रखवारे । होत न आज्ञा बिन पैसारे ।।
सब सुख लहैं तुम्हारी सरना । तुम रक्षक काहू को डरना ।।
आपन तेज सम्हारौ आपै । तीनों लोक हांकते कांपै ।।
भूत पिशाच निकट नहिं आवैं । महावीर जब नाम सुनावैं।
नासै रोग हरै सब पीरा । जपत निरन्तर हनुमत बीरा ।।
संकट तें हनुमान छुडावै। मन क्रम बचन ध्यान जो लावैं ।।
सब पर राम तपस्वी राजा। तिन के काज सकल तु साजा ।।
और मनोरथ जो कोई लावै । सोई अमित जीवन फल पावै ।
चारों युग परताप तुम्हारा । है परसिद्ध जगत् उजियारा ।।
साधु संत के तुम रखवारे । असुर निकंदन राम दुलारे ।।
अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता। अस वर दीन जानकी माता ।।
राम रसायन तुम्हरे पासा । सदा रहौ रघुपति के दासा ।।
तुम्हरे भजन राम को पावै । जन्म जन्म के दु:ख बिसरावै ।।
अन्त काल रघुबर पुर जाई । जहें जनम हरिभक्त कहाई ।।
और देवता चित्त न धरई । हनुमत सेई सर्ब सुख करई ।।
संकट कटै मिटै सब पीरा । जो सुमिरै हनुमत बलबीरा ।।
जै जै जै हनुमान गोसाई । कृपा करहु गुरूदेव की नांई ।।
यह शत बार पाठ कर कोई। छूटहिं बन्दि महासुख होई ।।
जो यह पढै हनुमान चालीसा। होय सिद्धी साखी गौरीसा ।।
तुलसीदास सदा हरि चेरा । कीजै नाथ हृदय मँह डेरा ।।

दोहा :- पवनतनय संकट हरन, मंगल मूरति रूप।
रामलखन सीता सहित, हृदय बसहु सुरभूप ।।

श्रीमारुति स्तोत्र

भीमरुपी महारुद्रा, वज्रहनुमान मारुती।
वनारी अंजनीसूता, रामदूता प्रभंजना ।।१।।

महाबळी प्राणदाता, सकळा उठवी बळें।
सौख्यकारी दुःखहारी, धूर्त वैष्णव गायका ।।२।।

दीननाथा हरीरुपा, सुन्दरा जगदतंरा।
पातालदेवताहन्ता, भव्य सिन्दूरलेपना ।।३।।

लोकनाथा जगन्नाथा, प्राणनाथा पुरातना।
पुण्यवन्ता पुण्यशीला, पावना परितोषका ।।४।।

ध्वजांगे उचली बाहो, आवेशें लोटला पुढे।
काळाग्नी काळरुद्राग्नि, देखता कांपती भये ।।५।।

ब्रह्माण्डे माईली नेणों, आंवळे दन्तपंगती।
नेत्राग्नी चालती ज्वाळा, भ्रुकुटी ताठिल्या बळे ।।६।।

पुच्छ तें मुरडिलें माथां, किरीटी कुंडले बरीं।
सुवर्ण कटि कांसोटी, घंटा किंकिणी नागरा ।।७।।

ठकारे पर्वता ऐसा, नेटका सडपातळू।
चपलांग पाहतां मोठें, महाविद्युल्लतेपरि ।।८।।

कोटिच्या कोटि उड्डाणें, झेपावें उत्तरेकडे।
मन्द्राद्रीसारखा द्रोणू क्रोधे उत्पाटिला बळे ।।९।।

आणिला मागुती नेला, आला गेला मनोगति।
मनासी टाकिलें मागें, गतिसी तुलना नसे ।।१०।।

अणुपासोनि ब्रह्मांडा ऐवढा होत जातसे।
तयासी तुलना कोठे, मेरुमन्दार धाकुटे ।।११।।

ब्रम्हांडाभोंवतें वेढे, वज्रपुच्छे करुं शके।
तयासि तुलना कैंची, ब्रह्माण्डी पाहतां नसे ।।१२।।

आरक्त देखिलें डोळां, ग्रासिलें सूर्यमण्डळा।
वाढतां वाढतां वाढे, भेदिले शून्यमण्डळा ।।१३।।

धनधान्य पशुवृद्धी, पुत्रपौत्र समस्तही।
पावती रूपविद्यादि, स्तोत्रपाठें करुनिया ।।१४।।

भूतप्रेत समंधादी, रोगव्याधि समस्तही।
नासति तुटति चिन्ता आनन्दे भीमदर्शने ।।१५।।

हे धरा पंधरा श्लोकी, लाभलि शोभलि बरी।
दृढदेहो निसंदेहो, संख्या चन्द्रकला गुणें ।।१६।।

रामदासीं अग्रगण्यु, कपिकुळासि मंडणू।
रामरूपी अन्तरात्मा, दर्शनें दोष नासती ।।१७।।

इतिश्रीरामदासकृतं संकटनिरसनं मारुतिस्तोत्रं संपूर्णम्।।

श्रीहनुमानजी के १०८ नाम

ॐ त्वमेव साक्षात् श्री.....नमो नमः

१ श्रीहनुमते
२ श्रीबजरंगबलये
३ श्री रामदूताय
४ श्रीपवनसुताय
५ श्री कपीशाय
६ श्रीअंजनीपुत्राय
७ श्रीमहावीराय
८ श्रीशंकर-सुवनाय
९ श्रीविद्यावते
१० श्रीकांचन-वर्णाय
११ श्रीविकट-रूपाय
१२ श्रीभीमाय
१३ श्रीराम-प्रियाय
१४ श्रीरामदासाय
१५ श्रीबलवते
१६ श्रीसुग्रीव-मित्राय
१७ श्रीराम-द्वारपालाय
१८ भूत-पिशाचनाशकाय
१९ श्रीसर्व-व्याधिहराय
२० श्रीसंकट-विमोचकाय
२१ श्रीरामकार्यातुराय
२२ श्रीअमितजीवनफलप्रदायकाय
२३ श्रीअष्टसिद्धिनवनिधिदायकाय
२४ श्रीरोम-रोमरामनामधारिणे
२५ श्रीसर्व-जगत्प्रकाशदायकाय
२६ श्रीराम-रस-दायकाय
२७ श्रीरघुवीर-स्तुताय
२८ श्रीहरिभक्तिदायकाय
२९ श्रीमहा-मन्त्र पठनहर्षिताय
३० श्रीमहा-सुखाय
३१ श्रीसहज-हृदयवासिने
३२ श्रीमंगल-मूर्तिरूपाय
३३ श्रीसुरभूपाय
३४ कुमतिनिवारकाय
३५ श्रीगिरिवर-बलाय
३६ श्रीबलवीराय
३७ लंकेश-गृहभंजनाय
३८ श्रीतुलसीदासस्तुताय
३९ श्रीनिर्मल-हर्षाय
४० श्रीसहज-ध्वज-विराजिताय
४१ श्रीगदा-हस्ताय
४२ श्रीसहज-संघरक्षकाय

४३ श्रीसंजीवनीउपलब्धिकारकाय
४४ श्रीलक्ष्मण-प्राणदात्रे
४५ श्रीराम-चरित्र वंदनाय
४६ श्रीअतुलित-बल-धाम्ने
४७ श्रीज्ञान-गुणसागराय
४८ श्रीकुंचित-केशाय
४९ श्रीविक्रमाय
५० श्रीमरुत्-नंदनाय
५१ श्रीदुःख-भंजनाय
५२ अति-चतुराय
५३ असुरनिकंदनाय
५४ श्रीसिंहाय
५५ श्रीगोस्वामिने
५६ श्रीरामभक्ताय
५७ श्रीभक्तिस्वरूपाय
५८ श्रीजगद्वंदिताय
५९ श्रीकेसरीनन्दनाय
६० श्रीमहायोगिने
६१ श्रीसिंदूरलेपिताय
६२ श्रीसनातनाय
६३ श्रीवनचराय
६४ श्रीभाग्यविधात्रे
६५ श्रीकृपानिधानाय
६६ श्रीमहाराजाय
६७ श्रीराम-भजनरसिकाय
६८ श्रीगर्विताय
६९ श्रीबल-भीमाय
७० श्रीचिरंजीविने
७१ श्रीऊर्ध्वगामिने
७२ श्रीसूक्ष्मरूपिणे
७३ श्रीसीताजीवन-हेतुकाय
७४ श्रीरामाशीर्वादिताय
७५ श्रीनिष्कलंकाय
७६ श्रीभयंकराय
७७ श्रीचंद्र-सूर्याग्निनेत्राय
७८ श्रीसीता-अन्वेषकाय
७९ रोग नाशकाय
८० श्रीमनोरथसम्पूर्णकाय
८१ श्रीमोक्ष-द्वाराय
८२ श्रीभरत-सम-प्रियाय
८३ श्रीजलधि-लंघिताय
८४ श्रीप्रसिद्धाय
८५ श्रीगुरवे
८६ श्रीयंत्रिणे
८७ श्रीस्वर-सुन्दराय
८८ श्रीसुमंगलाय
८९ श्रीब्रह्म-चारिणे
९० श्रीरुद्रावताराय

९१ श्रीवायु-वाहनाय
९२ अहंकार-खंडकाय
९३ श्रीवैकुण्ठ-भजनप्रियाय
९४ श्रीसन्तसहायाय
९५ श्रीपिंगलाय
९६ श्रीसेतुबंधविशारदाय
९७ श्रीभानुग्रासाय
९८ श्रीविवेकदायकाय
९९ श्रीभक्ति-शक्तिसमाधिकारिणे
१०० श्रीफलाहारप्रसन्नाय
१०१ श्रीमनोजवाय
१०२ श्रीवज्र-देहाय
१०३ श्रीदेवदूताय
१०४ श्रीनिर्मला-दूताय
१०५ श्रीपवन-गति-भ्रमणाय
१०६ श्रीजानकी-मातासमाचारिणे
१०७ श्रीनिर्मलाभक्ताय
१०८ श्रीनिर्मलाप्रियाय

साक्षात् श्रीआदिशक्ति-माताजी-श्रीनिर्मलादेव्यै नमो नमः

श्रीसूर्य के १२ नाम

ॐ त्वमेव साक्षात् श्री.....नमो नमः

१	श्रीमित्राय	७	श्रीहिरण्य-गर्भाय
२	श्रीरवये	८	श्रीअरुणाय
३	श्रीसूर्याय	९	श्रीसवित्रे
४	श्रीभानवे	१०	श्रीआदित्याय
५	श्रीखगाय	११	श्रीभास्कराय
६	श्रीदेवकार्यकृताय	१२	श्रीअर्काय

साक्षात् श्रीआदिशक्ति-माताजी-श्रीनिर्मलादेव्यै नमो नमः

दायां स्वाधिष्ठान ठण्डा करने के लिए मंत्र

ॐ त्वमेव साक्षात् श्री.....नमो नमः

१ श्रीहिमालयाय
२ श्रीचन्द्रमसे
३ श्रीकैलाशस्वामिने
४ श्रीनिर्मलचित्ताय
५ श्रीचित्त-निरोधाय
६ श्रीचित्तेश्वर्यै
७ श्रीचित्-शक्त्यै
८ श्रीहजरत-अलिफातिमाबीयै
९ सर्वतापहारिण्यै
१० श्रीसंजीवनीस्वामिन्यै

अफर्मेशन

श्री माताजी आय डू नथिंग. व्हेरिली यू आर द डुअर अँड यू आर द एन्जॉयर.

प्रतिज्ञान (अनुवाद)

श्री माताजी मैं अकर्मी हूँ आप ही साक्षात सर्वकर्ता है तथा आप ही भोक्ता है।

विषय 14

अन्य विषय

जय श्री निर्मला विराटांगना

मॉर्निंग प्रेयर

मे आय दिस डे, बी व्हॉट यू वुड हॅव मी बी.
मे आय दिस डे, से व्हॉट यू वुड हॅव मी से.
मे आय दिस डे, बी पार्ट अँड पार्सल ऑफ द होल
अँड मे माय थॉटस बी ऑफ ए रिअलाईज्ड सोल
मे आय दिस डे, हॅव लव्ह फॉर ऑल मॅनकाईंड
श्री मदर बी इन माय हार्ट अँड इन माय माईंड

सुबह की प्रार्थना (अनुवाद)

आज दिवस मैं वही बनूँ, जो आप बनाना चाहें
आज दिवस मैं वह कहूँ, जो आप कहलवाना चाहें
आज दिवस मैं वही करूँ, जो आप करवाना चाहें
आज दिवस मैं अंश बनूँ, संपूर्ण ब्रह्म तत्व के
आज दिवस मैं प्यार करूँ, संपूर्ण मानव जीवन को
श्री माताजी विचार हो मेरे, एक साक्षात्कारी आत्मा के
श्री माताजी बसें हृदय और मन में निसदिन मेरे ।

प्रेयर - कम इन माई हार्ट

मदर प्लीज कम इन माय हार्ट.
लेट मी क्लीन माय हार्ट सो दॅट यू आर देअर
पुट युवर फीट इनटु माय हार्ट
लेट युवर फीट बी वर्शिप्ड इन माय हार्ट
लेट मी नॉट बी इन डिल्युजन.
टेक मी अवे फ्रॉम इल्युजनस.
कीप मी इन रिॲलिटि.
टेक अवे द शीन ऑफ सुपर फिशिॲलिटी.
लेट मी एन्जॉय युवर फीट इन माय हार्ट.
लेट मी सी युवर फीट इन माय हार्ट.

प्रार्थना - मेरे हृदय पधारें (अनुवाद)

श्री माताजी कृपया आप, मेरे हृदय पधारे
मुझे हृदय को शुद्ध करने दे, यहाँ पर आप विराजे।
अपने पुनीत श्रीचरणन की, पूजा हमसे करा ले
मायाजाल के तमसे हटा के, ज्योतित हमें बनाये।
हृदय चरण के मधुरमिलन से, चरणन महिमा लुभावे
श्री चरणन की अमृतधार से, कृपया हमें नहलाये।

प.पू.श्री माताजी निर्मलादेवी, चेल्सम रोड,
लंडन, यु.के., ५ अक्तुबर १९८४

प्रेयर्स ऑफ चक्राज
(चक्रों की प्रार्थनायें)

आज्ञा चक्र

हाऊ फॉर्च्युनेट वी आर टु हॅव बीन रिअलाईज्ड !
वी आर सहज योगीज, गॉड हॅड चोजेन अस.
हाऊ कॅन वी वर्क, इफ वी रिमेन वीक?
आदिशक्ति हॅज गिवेन अस द पॉवर
टु रिडीम द होल मॅनकाइन्ड
वी कॅन डू इट ऐन्ड वी विल डू इट.

आज्ञा चक्र (अनुवाद)

बहुत भाग्यशाली हैं हम
श्री माँ ने चुन कर हमें,
आत्मसाक्षात्कार दिया, सहजयोगी बनाया,
कमजोर रह कर कार्य हम नहीं कर सकते
आदिशक्ति ने हमे संपूर्ण मानवता की उद्धारक शक्ति दी हैं।
हम इसे कर सकते है और करेंगे
यही हमारा वादा हैं।।

हार्ट चक्र

हाऊ डीप इज गॉड्स लव्ह फॉर अस!
ही हॅज गिवन अस द रिअलायजेशन.
ही इज द ओशन ऑफ मर्सी,
इग्नोरिंग ऑल अवर मिस्टेक्स,
ही इज वर्किंग हार्ड डे अँड नाईट फॉर अवर वेल्फेअर,
अँड इनस्टेड ऑफ प्रेइंग फॉर
हिज फर्गिवनेस ऑफ अवर मिस्टेक्स,
वी आर मेकिंग कंप्लेंट्स् अगेन्स्ट हिम
अँड आर ब्लेमिंग हिम
माय लाईफ इज योर्स, माय हार्ट इज योर्स,
ऑल दिस इज योर्स !

हृदय चक्र (अनुवाद)

करूणा सागर ईश्वर ने
हमारी गलतियों को अनदेखा कर
हमे आत्मसाक्षात्कार दिया,
वह हमारे कुशल-क्षेम मे व्यस्त रहता
पर हम अपनी गलतियों की क्षमा के बजाय
उसकी शिकायत में व्यस्त रहते,
जबकि कृतज्ञता में हमें कहना,
''मेरा जीवन, हृदय, सब कुछ तो आपही का हैं।''

प्रार्थना - प्रातः नमामि

प्रातः नमामि, हृदि संस्फुरदात्मतत्त्वं
सत्चित्- सुखं, परमहंसगतिंतुरीयम्
यत् स्वप्न-जागर-सुषुप्तमवैति नित्यम्
तद ब्रह्मनिष्कलमहं, न च भूतसंघः

व्याख्या :--

हृदय में तुरन्त पाने वाले उस तत्त्व (डिवाईन लव) को याद करता हूँ और सबेरे उठ कर नमस्कार करता हूँ, जो सच हैं चित है और सुख हैं। उस तुर्या दशा (आत्मसाक्षात्कार की परमहंस दशा) को नमस्कार करता हूँ (जो पार नही हैं वे कह रहे हैं)। जो स्वप्न में, जागृत अवस्था में और सुषुप्ति (सबकांशस) अवस्था या उससे ऊपर अचेतन (अनकांशस, जहाँ परम नित्य रहता) में रहता हैं, वह अलेपा, निर्लेप ब्रह्ममय हैं। यह जो पाँच तत्त्वों के संघ से बना शरीर, मन, बुद्धि है वह मैं नहीं हूँ। वह ब्रह्म हैं, जो नित्य, अविनाशी, हर स्थिति में रहता हैं।

आत्मसाक्षात्कारियों के लिए यह बहुत बड़ा मंत्र हैं और याद होना चाहिए कि हम वह हैं जो निर्लेप, निरंजन, निराकार ब्रह्म हैं। यह जो पाँच भूत संघ से बना बाहर का ढकोसला हैं वह मैं नहीं हूँ, जो अविनाशी अन्दर विराजता हूँ वही मैं हूँ।

यह तभी होगा जब हमारा चित्त उसमें बैठ गया हो, परन्तु अभी भी चित्त की दृष्टि बाहर की तरफ हैं। जब आप **चित्त की दृष्टि** अन्दर की तरफ कर लेते हैं तब आप परमहंस गति दशा में बैठ जाते हैं। उस गद्दी पर आप को बैठा दिया जाता हैं कि आप परम हंस हैं लेकिन परमहंस को अपने कीचड़ लगे पैर को साफ करके अपने आसन पर इज्जत के साथ बैठ जाना चाहिए, जैसे कोई राजा अभिषेक के बाद बैठ जाता हैं।

प.पू.श्री माताजी निर्मलादेवी, मुम्बई, २६ दिसंबर ७५

बाधा-नाशक मंत्र

ॐ त्वमेव साक्षात् श्री.....नमो नमः

१ शत्रुमर्दिन्यै
२ श्रीअम्बिका देव्यै
३ मधुसूदिन्यै
४ तारकासुरसन्हंत्र्यै
५ निशुम्भशुम्भ सन्हंत्र्यै
६ श्रीदुर्गामाताजगदंबायै
७ श्रीरक्षाकर्यै
८ श्रीराक्षसघ्न्यै
९ श्रीचामुण्डायै
१० मधुकैटभहंत्र्यै
११ नरकान्तकायै
१२ श्रीशिवशक्तिपुत्रकार्तिकेयायै
१३ श्रीकार्तिकेयायै
१४ सर्वासुरमर्दिन्यै
१५ सर्वबाधाविनाशिन्यै
१६ सर्वअसत्यगुरुमर्दिन्यै
१७ सर्वभयहारिरुद्ररूपायै

साक्षात् श्रीआदिशक्ति-माताजी-श्रीनिर्मलादेव्यै नमो नमः

श्रीभगवती (अनुवाद)

'भग' का अर्थ है ६ संघटक का संघठन ।

ये संघटक ईश्वर के ६ गुण है। इसलिए ईश्वर की शक्ति का नाम भगवती है। ईश्वर के छः मुख्य गुण है।

पहला	-	अबोधिता
दूसरा	-	सृजनात्मकता
तीसरा	-	पालनहार / पोषण कर्ता (जो दया, नियंत्रण, नकारात्मकता नाशक देखरेख तथा अपनी रचना का आनन्द द्वारा संभरण (ससटेनेन्स) संभावित करता है।)
चौथा	-	सर्व शक्तिमान
पाँचवा	-	सर्वव्यापी
छटा	-	सर्वदर्शी

यही छः गुण हैं। भगवती के बिना ईश्वर का कोई महत्व नहीं हैं, जैसे सूर्य - सूर्य की किरण तथा चन्द्र - चन्द्र की किरण का। इन्हे आप अलग नहीं कर सकते। वे एक ही हैं। आदि शक्ति ही भगवती हैं। निर्मला के अतिरिक्त उनके बहुत नाम हैं।

प.पू.श्री माताजी निर्मलादेवी

श्रीगणेशजी की आरती (मराठी)

सुखकर्ता दु:खहर्ता वार्ता विघ्नाची। नुरवी पुरवी प्रेम कृपा जयाची।
सर्वांगी सुंदर उटि शेंदुराची। कण्ठी झळके माळ मुक्ताफळांची ।।१।।
जयदेव जयदेव जय मंगलमूर्ती, दर्शनमात्रे मन कामना पुरती,
जयदेव जयदेव ।।धृ।।

रत्नखचित फरा तुज गौरीकुमरा । चंदनाची उटी कुंकमकेशरा ।
हिरेजडित मुकुट शोभतो बरा। रुणझुणती नूपुरें चरणी घागरिया ।।२।।
जयदेव जयदेव जय मंगलमूर्ती, दर्शनमात्रे मन कामना पुरती,
जयदेव जयदेव ।।धृ।।

लंबोदर पीतांबर फणिवर बंधना। सरळ सोंड वक्रतुण्ड त्रिनयना।
दास रामाचा वाट पाहे सदना। संकटी पावावे निर्वाणी रक्षावे सुरवर वंदना ।।३।।
जयदेव जयदेव जय मंगलमूर्ती, दर्शनमात्रे मन कामना पुरती,
जयदेव जयदेव ।।धृ।।

श्रीशिवजी की आरती (मराठी)
(शिवरात्री पूजा के लिये)

लवथवती विक्राळा ब्रह्मांडी माळा।
वीषे कंठी काळा त्रिनेत्री ज्वाळा
लावण्यसुंदर मस्तकी भाळा।
तेथुनियां जळ निर्मळ वाहे झुळझुळा ।।१।।
जय देव जय देव जय श्रीशंकरा, आरती ओवाळू तुज कर्पुरगौरा ।।धृ।।

कर्पुरगौरा भोळा नयनी विशाळा ।
अर्धांगी पार्वती सुमनांच्या माळा
विभुतीचे उधळण शितिकंठ नीळा ।
ऐसा शंकर शोभे उमावेल्हाळा ।।२।।
जय देव जय देव जय श्रीशंकरा, आरती ओवाळू तुज कर्पुरगौरा ।।धृ।।

देवी दैत्यी सागरमंथन पै केले ।
त्यामाजी अवचित हळाहळ जे उठिले
ते त्वा असुरपणे प्राशन केले ।
नीळकंठ नाम प्रसिद्ध झाले ।।३।।
जय देव जय देव जय श्रीशंकरा, आरती ओवाळू तुज कर्पुरगौरा ।।धृ।।

व्याघ्रांबर फणिवरधर सुंदन मदनारी ।
पंचानन मनमोहन मुनिजनसुखकारी
शतकोटीचे बीज वाचे उच्चारी ।
रघुकुलतिलक रामदासा अंतरी ।।४।।
जय देव जय देव जय श्रीशंकरा, आरती ओवाळू तुज कर्पुरगौरा ।।धृ।।

श्रीमाताजी की आरती
सबको दुआ देना माँ

सबको दुआ देना, माँ सबको दुआ देना ।
जय निर्मला माताजी, दिल में सदा रहना ।
माँ सबको दुआ देना ।।धृ।।

जग मे संकट कारण कितने लिये अवतार ।
विश्व में तेरी महिमा तू गंगा यमुना
माँ सबको दुआ देना ।।१।।

जो भी शरण में आया, सुख ही मिला उसको ।
बैठके दिल में ओ माँ, लौट के ना जाना
माँ सबको दुआ देना ।।२।।

मानव में अवतर के कर दिया उजियाला ।
कलियुग में माया है, फिर भी पहचाना
माँ सबको दुआ देना ।।३।।

सन्त जनों की धरती है भारत माता ।
इस धरती पर आकर, दु:ख से दूर करना
माँ सबको दुआ देना ।।४।।

जब दिल में आये तब मधु संगीत सुन लो ।
होय सके जो सेवा हमसे करा लेना
माँ सबको दुआ देना ।।५।।

सहजधर्म क्या है
(प्रवचन सारांश)

१ सहजधर्म आत्मा का धर्म हैं। अपने आचरण को सहज में लायें।

२ पुराने तरीके छोड़कर, चैतन्य की संवेदना ले कर चलने पर आप (धीरे धीरे) सहज धर्म में आ जाते हैं। जहाँ तक हो सके चैतन्य लहरियों का इस्तेमाल करें।

३ सहज धर्म में आप (गलत चीजों सें) समझौता नहीं कर सकते।

४ गलती होती हैं यह तो मान लेना चाहिए, नहीं तो मेरे (गुरु) आने की जरूरत ही क्या हैं।

५ आप सब मेरे को प्यार करते हैं, परंतु भक्ति को आचरण में लाना चाहिए।

६ सहजधर्म में निरपेक्षिता आनी चाहिए। इसका मतलब हैं कि यह सोचना कि सब कुछ माँ का ही हैं। किसी चीज का पकड़ाव नहीं होना चाहिए। निरपेक्षिता का इलाज हैं, ''मैं'' और 'मेरा' पना खतम होना चाहिए। जैसे आप निरपेक्ष होगे, हर चीज में आप 'तू' ही 'तू' देखेंगे।

७ श्रीगणेश की भक्ति में उतरना चाहिए। जैसे भक्ती वैसा आचरण। ऐसे गणेश को अपना लक्ष्य बना कर कार्य करना चाहिए।

८ सहज आदमी को अपने प्रति सतर्क होना चाहिए । सहज में एक तरह का और ही (भिन्न) व्यवहार हो जाता हैं-जिद छूट जाती है, जबान व

स्वभाव बदल जाता हैं। हीरे जैसे अपने को तरासना पड़ता हैं। उसका हीरा -आत्मा - सामने आता है क्योकि पहलू (एन्गुलर्टीज) छूट जाती हैं।

९ सहज धर्म में भक्ति और कर्म का योग होना चाहिए। इसी को बिठाने के बाद ही आप गुरुतत्त्व में जमते हैं।

१० पैसे (धनसंपत्ति) पर चिपकना नही चाहिए तभी पैसा चरणों में होगा। निरपेक्षिता होनी चाहिए, परमात्मा पर छोड दिया, जैसे राखो तैसे रहे।

११ सहज धर्म में हम सब सामूहिक हैं। अपनी कीमत पर भी एक दूसरे के साथ, सहायक रहे। सहज, भाईचारे से शुरू हो कर सब तक पहुँचना चाहिए।

प.पू.श्री माताजी निर्मलादेवी,
दिल्ली आश्रम, २३/२/९६

मानव के दस धर्म
(आंशिक प्रवचन)

१. श्री माताजी निर्मलादेवी ने बताया हैं कि -
''कार्बन में चार आयाम (वैलेन्सीज) होती हैं, सोने का गुण है कि उसमे चमक नहीं जाती । उसी प्रकार मानव धर्म में भी चमकने वाले गुण (सद्‌गुण) हैं जो मानव सृष्टि को सम्भालते है। अमीबा से मनुष्य दशा तक विकास हुआ । यह विकास उसके धर्म द्वारा हुआ हैं जो उसके विकास की आचार संहिता (नियम) हैं। जीवन की आचार संहिता (कोड ऑफ लाज) हमारी आध्यात्मिक उन्नति की रक्षा करता हैं तथा उसका पोषण करता हैं।'' विकास के तीसरे चरण में मनुष्य को धर्म की शक्ति दी गई जिसे दस महा आदेश (टेन कमान्डमेन्टस्‌) के नाम से जाना जाता हैं।

Book, 'Ascent' by Yogi Mahajan

२. नाभि चक्र बहुत महत्वपूर्ण चक्र हैं। यह पाचनक्रिया आदि पर निर्भर होता हैं। नाभि चक्र धर्म को बाँधता हैं। (नाभि चक्र की १० पंखुडियाँ मानव के १० धर्मं की स्थापना करती हैं।)* मनुष्य के १० धर्म होते हैं। सिर्फ उसको स्वतंत्रता हैं कि वह धर्म में रहे या न रहे । बाकी संसार की किसी चीज को स्वतंत्रता नहीं हैं। जैसे सोना हैं, उसका अपना धर्म है कि वह खराब नही होता, धूमिल नहीं होता, बिच्छु का अपना धर्म हैं कि वह डंक मारता हैं। साँप के, शेर के, अपने धर्म हैं वे अपने धर्म में बैठे रहते हैं। लेकिन मनुष्य को स्वतंत्रता हैं कि वह चाहे धर्म मे रहे या न रहे। चाहे बुराई जीत ले या अच्छाई जीत ले । यह स्वतंत्रता मनुष्य को विशेष रूप से दी गई क्योकि परमात्मा के साम्राज्य में जाना हैं तो

पहले स्वतंत्रता में उसका वरण करे। अपनी स्वतंत्रता में कहे कि हमें परमात्मा चाहिए। हमारे ऊपर कोई जबरदस्ती करके कहे कि आप परमात्मा को माँगिये तो यह कौनसा माँगना हुआ । अत: इस दशा (मनुष्य स्थिति) में पहुँचने पर अपनी स्वतंत्रता में ही परम तत्त्व को माँगना चाहिए; किसी जबरदस्ती, बिमारी, किसी दु:ख या तकलीफ की वजह से नही, बल्कि इसलिए कि परम पाना ही हमारे जीवन का लक्ष्य है। इस स्वतंत्रता में जब आप जागते हैं और परम की इच्छा करते हैं, तभी परमात्मा के महाद्वार आप के लिए खुलते हैं।

इस धर्म के सेन्टर (नाभि) के चारों तरफ गुरुओं का स्थान हैं। ये १० गुरु हमारे अन्दर बसे हुए हैं। (ये हमारी शरीर मे देवता स्वरूप है।)* ये मुख्य १० गुरु है जो दत्तात्रेय के अवतरण हैं। इनमें जनक,... शिर्डी के साईबाबा आदि एक ही तत्त्व के अवतरण हैं। ये मानव को सुधारने के लिए बार-बार अवतरण लेते रहे हैं, जैसे....। नाभी चक्र पर लक्ष्मी नारायण का स्थान हैं। यही हमें धर्म के प्रति रुचि देता हैं। इसी के कारण हम धर्म परायण होते हैं और धर्म धारणा करते हैं। कार्बन मे जो ४ वैलेन्सी है उसी धारणा की वजह से हैं। आप का मनुष्य रूप में जो उत्क्रांति (इवोलुशन) हुआ वह इसी लक्ष्मीनारायण तत्त्व से हुआ हैं। विष्णु तत्त्व से यह कार्य हुआ हैं। विष्णु जी हमारे नाभि चक्र में बसते हैं और वे अनेक अवतरण लेते हैं,... वे ९ अवतरण ले चुके है। उनमें से अधिकांश उत्क्रांतिक (इवोलुशनरी) हैं। उनमे जीव पहले मछली, कछुआ, वराह आदि रूप में आया। ये सब लक्ष्मी नारायण के उत्क्रांतिक स्टेज (दशा) के द्योतक हैं। वे सब हमारे अन्दर बंधे हुए हैं। जो कुछ संसार में होता आया हैं, वह सारी हिस्ट्री (इतिहास) हर मानव में बंधा हुआ हैं। मानव सबसे ऊँचा हैं क्योंकि उसकी दशा सबसे

ऊँची हैं। बाकी जो स्टेजेज (दशायें) हैं सब मनुष्य में निम्न स्थिति में हैं।

आप जानते हैं कि नाभि के चारो तरफ जो भवसागर है उसमें से जानवर निकल नहीं पाया हैं। मानव सिर्फ निकल पाया है जबकि हमारे यहाँ वामन अवतार हुआ। इस के बाद परशुराम, श्रीराम के अवतार हुए। श्रीराम का अवतार इसके ऊपर के चक्र हृदय चक्र में दाहिने तरफ में हैं, क्योंकि बीच में जो सुषुम्ना नाड़ी है जिसमे आपकी उत्क्रांति होती हैं, उस पर नहीं रखा गया क्योकि श्रीराम ने अपने को अवतार नही माना था। उन्होंने अपने को मर्यादा पुरुषोत्तम माना और बीच के उत्क्रांति राह से हटकर अलग कर लिया। वे अपने दाहिने तरफ रहते हैं। उनमें आपके पिता का स्थान हैं जो पितृत्व (के धर्म) का स्थान हैं। पितृत्व के स्थान बिगड़ जाने के अनेक कारण होते हैं। बायें तरफ हृदय का स्थान हैं। इसमें आत्मा रहता हैं परंतु आप की चेतना में नही होता। पैरासेम्पथिटीक सिस्टम आप के काबू में नही होता। वह स्वयं चलित हैं। लेकिन यह स्वयं (Medical Science का) जो आप की पाचन क्रिया, सांस को चलता हैं, यही आत्मा हैं। यह पैरासेम्पथिटीक से चलता हैं पर हमारे चेतना में नहीं होता अर्थात हमारे सेन्टल नर्वस सिस्टम (CNS) में नहीं होता। इसे CNS में लाते ही अनेक रोग ठीक हो जाते हैं। जैसे हृदय की बिमारी जो अत्याधिक कार्य करने के करण होती हैं तब फिर संतुलन लाने के लिए प्रकृति ही बिमारी करता हैं।

(बायें हृदय पर मातृत्व का स्थान है। इस तरह, मनुष्य शरीर अनेक तत्त्वों से बंधा हुआ हैं।)*

प.पू.श्री माताजी निर्मलादेवी,
बोर्डी सेमिनार २३.३.७९
*दिल्ली प्रवचन ३१.६.७८

ध्यान में निष्क्रियता

लण्डन, १९८०

चैतन्य लहरियाँ आ रही हैं, वे वितरित हो रही हैं। आपने अपने स्वयं को इनके लिए उधेड़ के रखना है। बहुत अच्छा होगा कि आप कोई क्रिया न करें, चाहे जहाँ भी समस्या हो, आप उसकी चिन्ता न करें। मैंने कई बार देखा है कि ध्यान करते समय अगर कोई चक्र पकड़ता है तो लोगों का ध्यान वही लगा रहता है आपको बिलकुल भी चिन्ता नहीं करनी है, आप उसे जाने दीजिए और वह अपने आप कार्य करेगा।

इसलिए आपको कोई क्रिया नहीं करनी है, यही है ध्यान। ध्यान का मतलब है स्वयं को भगवान की कृपा पर छोड़ देना। अब यही कृपा जानती है कि आपको किस तरह से ठीक करना है। इसे ज्ञान है कि किस तरह से आपको सुधारना है। आपके अन्तः में कैसे बसना है। आपकी आत्मा को किस तरह से प्रज्वलित रखना है। इसे सब पता है। इसलिए आपको चिन्ता करने की जरुरत नहीं है कि आपको क्या करना है या कौन से नाम बोलने है, कौन से मन्त्रों का उच्चार करना है? ध्यान में आपको पूर्णतः निष्क्रिय रहना है। अपने को पूरी तरह से उधेड़ रखें और उस वक्त आपको पूरी तरह से निर्विचार रहना है।

समझ लीजिए हो सकता है कि आप निर्विचार में न हो। ऐसी दशा में आप सिर्फ विचारों पर नज़र रखें, उनमें उलझना नहीं है। आप देखेंगे कि जैसे जैसे सूरज उगता है वैसे वैसे अंधेरा चला जाता है और सूरज की किरणें हर एक कोने कोने तक पहुँचती हैं और सारी जगह को प्रकाशित कर देती है। उसी तरह से आप भी प्रकाशित हो जाएंगे। अपने अन्दर

की कुछ चीज़ों को रोकने की कोशिश करेंगे या फिर बंधन देंगे, तो वह ना होगा। निष्क्रियता ही ध्यान करने का एक तरीका है। आपको इसके प्रति जड़वत नहीं होना चाहिए। आपको सतर्क होना चाहिए और उस पर नज़र रखनी चाहिए।

दूसरी ओर हो सकता है कि लोग झपक जायें। नहीं ! आपको सतर्क रहना है। अगर आप झपक जायें तो कुछ भी कार्यान्वित नहीं होगा। वह इसका दूसरा पहलू है। अगर आप उसके प्रति सुस्त रहेंगे तो कुछ भी कार्य नहीं होने वाला। आपको सतर्क और खुलकर रहना चाहिए। एकदम सचेत, सम्पूर्ण निष्क्रिय, पूर्णत: निष्क्रिय होना चाहिए। अगर आप पूर्णतया निष्क्रिय होंगे तो ध्यान पूर्णतया कार्य करेगा। आप अपनी समस्याओं के बारे में बिलकुल भी न सोचें। चाहे आपका कोई भी चक्र पकड़ता हो, कुछ भी हो,सिर्फ, अपने को प्रस्तुत करें। देखिए जब सूर्य चमकता है तब निसर्ग अपने आपको सूर्य को प्रदर्शित करता है और निष्क्रियता से सूर्य का आशीर्वाद लेता है, वह बिना क्रिया किए लेता है। वह सिर्फ अपने आप लेता है। जब वह सूर्य की रोशनी लेता है। तब सूर्य की किरणें क्रिया करने लगती हैं और क्रियान्वित होती हैं।

उसी तरह से परम चैतन्य शक्ति कार्य करने लगती है। आपको उसके लिए कोई युक्ति नहीं करनी। उसके लिए आपको कुछ भी नहीं करना है। सिर्फ निष्क्रिय रहिए, बिलकुल निष्क्रिय। कोई भी नाम नहीं लेना, अगर आपकी आज्ञा पकड़ रही है या कुछ और पकड़ रहा है, इसकी आप कोई चिन्ता न करें - वह सब कार्यान्वित हो रहा है। यह तब तक होगा जब तक यह कार्यान्वित हो सकता है और यह वह करामात करेगा जो इसे करना है। आपको उसके बारे में चिन्ता नहीं करनी है। यह

अपने कर्तव्य को जानती है। वास्तव में जब आप क्रिया करते हैं, तब आप इसकी राह में बाधा बन जाते हैं। इसलिए कोई प्रयास करने की जरुरत नहीं है, एकदम निष्क्रिय रहिए और कहिए कि जाने दो, जाने दो, बस यही। कोई मन्त्र नहीं बोलना है। अगर ऐसा करना आपके लिए मुश्किल हो तो फिर आप मेरा नाम ले सकते हैं पर इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। जब आप अपना हाथ मेरी ओर करते हैं तब वही मन्त्र है। ये चेष्टा ही अपने आप में एक मन्त्र है। देखिए इसके अलावा आपको कुछ और नहीं बोलना है। पर मन में इच्छा के साथ भावना भी होनी चाहिए। अब हमने उसके लिए हाथ फैला दिए है और वह कार्यान्वित होने वाला है। जब यह भावना परिपूर्ण होगी तो मन्त्र बोलने की कोई जरुरत ही नहीं है। आप उससे परे हैं। इसलिए हर एक को निष्क्रिय होना है। एकमेव निष्क्रिय, वह जो भी कुछ है यही है।

ध्यान आपके अपने उत्थान के लिए है। अपने पूँजी लाभ के लिए है जो होना चाहिए। पर एक बार आप उसमें जाएंगे आप अपनी शक्ति को भी ग्रहण करेंगे। जैसे अगर आप गवर्नर बनते हैं तो फिर आपको गवर्नर की सारी शक्तियाँ, अधिकार दिए जाते हैं। ऐसे में आप को किसी और के बारे में नहीं सोचना है। किसी के ऊपर अपना चित्त केंद्रित नहीं करना है। पर सिर्फ उसे ग्रहण करो, सिर्फ ग्रहण करो। किसी समस्या के बारे में मत सोचिए, सिर्फ इतना सोचो कि आपको निष्क्रिय होना है, पूर्णतया निष्क्रिय। यह उन पर अधिक असर करेगा जो सिर्फ ग्रहण करते हैं।

आपको समस्याऐं है इसलिए आप यहाँ है, पर आप उन्हें हल नहीं कर सकते। परम चैतन्य उनका हल कर सकता है। ये पूरी तरह से आपको समझ लेना चाहिए कि हम अपनी समस्याओं का हल नहीं कर सकते

हैं। ये हमारे बस के परे है कि हम अपनी समस्याओं का हल करें। इसलिए आप इसे परम चैतन्य के हाथों में छोड़ दीजिए और अपने आपको निष्क्रियता में प्रस्तुत करिए, परिपूर्ण निष्क्रियता। आराम से बैठिए, अपने दोनों पैर ज़मीन पर रखकर, दोनो हाथों को आराम से इस तरह रखकर। आराम से रहिए। आपको बिलकुल भी कोई असुविधा न हो, क्योंकि आपको काफी देर तक बैठना है। अगर आप कर सको तो और आप अपने चित्त को मेरी ओर, अपने अन्दर रखिए या मेरी कुण्डलिनी की ओर करें। आप मेरी कुण्डलिनी के अन्दर आ सकते हैं। यह सिर्फ हाथों को इसी तरह से सीधे रखकर करना है।

अत: निष्क्रियता ही चाबी है, परिपूर्ण निष्क्रियता। चाहे आप मेरे सामने ध्यान करें या मेरी तस्वीर के सामने।

प.पू.श्री माताजी निर्मलादेवी,
लण्डन, पार, १९८०

क्या आपकी प्रगति अच्छी हो रही है?

आपको पूर्ण समर्पित मन से इस महल की तीर्थयात्रा से गुज़रना है । यह उन तपस्या के नज़ारों में से एक है जिसे आपको करना है। क्योंकि मुझे यह बताया गया है कि आपको आपके इस यात्रा के दौरान कुछ कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। पर उन सब जगहों तक पहुँचना बड़ा ही रोमांचक होता है जहाँ शैतानों को जाने की हिम्मत नहीं होती। और अगर आपको ज्ञान हो जाए कि किस तरह से तथाकथित असुविधा का भी आनन्द उठाया जा सकता है तो फिर आप समझ लीजिए कि आप सही रास्ते पर चल रहे हैं। और जैसे ही आप अपने आप विचारशील बनने लग जाएं आपको जान लेना चाहिए कि आप की प्रगति अच्छी तरह से हो रही है।

जैसे-जैसे आप शांत होते है और आपका गुस्सा हवा में गायब हो जाता है, यह देख कर भी कोई आप पर वार कर रहा है या आप के ऊपर कोई मुसीबत आ रही है और आप फिर भी उसकी चिन्ता नहीं कर रहें है तो समझ लीजिए कि आपकी अच्छी प्रगति हो रही है। जब किसी भी तरह की कृत्रिमता आपको प्रभावित नहीं कर सकती तो समझ लीजिए कि आप की अच्छी प्रगति हो रही है।

जब दूसरों की धन-सम्पत्ति से आपको कोई जलन न हो, आप बिलकुल दुःखी नहीं हो रहे हों, तो समझ लीजिए कि आपकी अच्छी प्रगति हो रही है। सहजयोगी बनने के लिए किसी तरह की तकलीफ उठाना या मेहनत करना ही पर्याप्त नहीं है। चाहे आप कितनी भी कोशिश कर लें पर आप सहजयोगी नहीं बन सकते। जबकि आपको यह बिना किसी प्रयास के प्राप्त हुआ है, इसलिए आप कुछ तो खास हैं। इसलिए एक

बार जब आपको पता चल जाए कि आप कुछ तो खास हैं, आप उसके लिए विनम्र हो जाएंगे। जब आप में ऐसा होता है कि आप कुछ हासिल करने के बाद नम्र हो जाते हो, कि आप में कुछ शक्तियाँ हैं, कि आप अबोधिता को प्रदर्शित कर रहे हो, कि आप विचारशील हैं और उसके कारण आप और भी अधिक करुणामय, विनम्र और मधुर व्यक्तित्व बन जाते हो तो आपको समझ लेना चाहिए कि आप श्री माताजी के हृदय में हैं। यह एक नये युग के सहजयोगी की पहचान है जिसे नए सामर्थ्य से आगे बढ़ना है। और वहाँ आप इतनी तेजी से प्रगति कर सकते हैं कि तब ध्यान न करते हुए भी ध्यान में रहेंगे। मेरी मौजूदगी न होने पर भी आप मेरी मौजूदगी महसूस करेंगे। बिना माँगे ही, आप परमात्मा से आशीर्वादित हो जाएंगे। यही है जिसके लिए यहाँ आप मौजूद हैं और इस नए युग में एक बार फिर, इस सहस्रार दिवस पर, मैं आप सब का स्वागत करती हूँ।

परमात्मा आप सबको आशीर्वादित करें।

प.पू.श्री माताजी निर्मला देवी,
सहस्रार दिवस, ५ मई, फ्रान्स

चेल्सम रोड पर माताजी का उपदेश

आपको पता होना चाहिए कि आप मेरा प्रतिनिधित्व करते हो। मेरे कुछ गुणों को आपने अन्दर अपनाने की कोशिश करें, कुछ गुणों को। आपको सहनशीलता दर्शाना चाहिए। अब सब से अच्छा साधन है प्रार्थना करना। सहजयोगियों के लिए प्रार्थना करना सबसे महत्त्वपूर्ण है। हृदय से प्रार्थना कीजिए :

* सब से पहले आपको माताजी से शक्ति माँगनी चाहिए ''श्री माताजी, मुझे शक्ति दीजिए ताकि मैं सच्चा बन सकूँ और मैं स्वयं को धोखा न दूँ।'' आप सुबह से शाम तक अपने आपको धोखा दे रहें हैं। ''मुझे अपने आपका सामना करने की शक्ति दीजिए और मैं अपने हृदय से कह सकूँ कि मैं अपने आपको सुधारने की कोशिश करुँगा।'' क्योंकि ये खामियाँ जो हैं ये आपकी अपनी नहीं है, ये बाहर की है, अतः अगर ये निकल जाएं तो फिर आप ठीक हो जाओगे, परिपूर्ण हो जाओगे।

* अब आपको क्षमा माँगनी चाहिए, क्षमा के लिए प्रार्थना कीजिए यह प्रार्थना होनी चाहिए, कहिए ''आप मुझे क्षमा कर दीजिए क्योंकि मैं अब तक अनजान रहा हूँ, मुझे पता नहीं था कि क्या करना है। मैंने गलतियाँ करी है। इसलिए आप कृपया मुझे क्षमा करें।'' यह एक पहली चीज़ है, जिसे हर किसी ने माँगनी चाहिए - क्षमाशीलता।

* दूसरी चीज़, जो आपको माँगनी है वह है मधुर वाणी। कहिए ''श्री माताजी मुझे मधुर वाणी प्रदान कीजिए, जिससे हम दूसरों के साथ आदान-प्रदान का साधन बन सकें, जिससे दूसरे लोग मुझे पसन्द करने लगे, मेरा आदर करें, मेरी उपस्थिती उन्हें अच्छी लगे। मुझे शक्ति दीजिए, प्रेम दीजिए। मुझे प्रकृति की सुन्दरता प्रदान कीजिए, यह

समझने की सुन्दरता कि सब मुझसे प्रेम करते हैं, मुझे चाहते है।''
प्रार्थना करने की योग्यता माँगिए, प्रार्थना में आप माँगिए, ''हे परमात्मा मुझे मेरी आत्मा की सुरक्षा का अहसास दीजिए ताकि मैं असुरक्षित न महसूस करूँ और जिससे मैं दूसरों को तकलीफ न पहुँचाऊँ या गुस्सा न करूँ। मुझे आत्मसम्मान प्रदान कीजिए ताकि मुझमें कोई छोटेपन का अहसास न हों और दूसरे मुझे छोटा न समझे।'' अगर आप उस स्थिति में है तो फिर आपको छोटा नहीं कर सकते। आप ही अपने मूर्खता से अपने को छोटा बनते हो और मूर्ख बनते हो।

* अब शक्ति की माँग कीजिए। ''(श्री माताजी कृपया) मुझे साक्षीभाव, संतुष्टि दीजिए। मेरे पास जो भी है उसकी आप संतुष्टि दीजिए - जो भी मेरे पास है । जो भी मैं खाता हूँ, सबकुछ। मेरे चित्त को इन सब से हटा दीजिए।''

* आपको पता है कि आपका चित्त आप के पेट में है और जिनको खाने में बहुत अधिक रुचि है उनको किसी भी हालत में लीवर (जिगर) की तकलीफ होने ही वाली है। प्रार्थना करे ''ऐसे जिस किसी चीज़ में अगर चित्त जा रहा है तो आप उसे पीछे खींच लेने की शक्ति प्रदान कीजिए, चित्त निरोध दे। जो चीज़ें मुझे लुभाती है, मेरे चित्त को हटा देती है, उन चीज़ों को टालने की मुझे शिक्षा दीजिए।''

* मेरे विचारों को रोक दीजिए और मुझे साक्षी भाव दीजिए, जिससे कि मैं सारी दुनिया के नाटक को देख सकूँ। मैं कभी भी किसी की निन्दा या अपमान न करूँ। मैं दूसरें की नहीं, अपनी गलतियाँ देख सकूँ, यह देख सकूँ कि क्यों लोग मुझसे नाखुश है। मुझे शक्ति दीजिए जिससे मेरी वाणी मधुर हो, स्वभाव मधुर हो ताकि औरों, को मेरी उपस्थिति पसन्द आए। ''मुझे एक फूल की तरह बना दीजिए ना कि काँटा

जैसा।'' आपको प्रार्थना करनी है। ये प्रार्थनाऐं आपकी मदद करेंगी।

* इसके बाद इस महत्त्वपूर्ण प्रार्थना की माँग करिए, जिसमें आपको कहना है ''कृपया मुझे अहंकार से दूर रखिए जो मुझे दूसरों की अपेक्षा बड़ा होने के विचार प्रदान करता है, या किसी भी तरह से मेरे नम्रता और विनम्रता को छीन लेता है। मुझे सहज नम्रता प्रदान कीजिए, जिससे मैं लोगों के दिलों में बस सकूँ।''

* सिर्फ, अपने सिर को जरा सा झुकाइये और सीधा अपने हृदय की ओर जाइये। आपको अपने सिर को झुकाना है और वहाँ है आपका हृदय, जहाँ आत्मा का निवास है। हृदय के साथ रहिए, चाहे आप अपने अहंकार को ठेंस पहुँचायें या किसी और के, दोनों एक ही है। आप एक सम सा व्यवहार करोगे, एकही अहंकारी तरीके से। इसलिए आप समझने की कोशिश करें कि इन सब बुराइयों को चले जाना जरूरी है। सबसे अच्छा होगा कि आप प्रार्थना करें और मदद माँगे।

* दिल से प्रार्थना करना बहुत बड़ी चीज़ है, प्रार्थना करें कि ''हे परमात्मा, हमें शक्ति प्रदान करें और वह उत्थान दें जिससे हम अपनी श्री माताजी के लिए कभी कभी कुछ काम आ सकें।' हमें अपनी श्री माताजी को संतुष्ट करना है, हमें उन्हे खुश देखना है।'' मुझे एक ही बात पर खुशी होगी कि जिस तरह से मैं आप सब से प्रेम करती हूँ उसी तरह से आप भी एक दूसरे से करें।

प.पू.श्री माताजी निर्मला देवी,
लण्डन, यू.के, २६ अक्टूबर १९८०

ध्यानधारणा की एक विधि (श्री माताजी द्वारा)

आप सुबह में उठिए, नहा लीजिए, बैठ जाए। बात मत कीजिए, बात मत कीजिए, सुबह में बात मत कीजिए, बैठ जाए ध्यान के लिए।क्योंकि वह समय, जो भी समय आपके लिए सुविधाजनक समय हो, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। मैं आपके साथ हूँ। पर वो ही सबसे बेहतर समय है,क्योंकि उस समय में, सूरज बाद में निकलता है, उससे पहले ब्रह्म चैतन्य आता है। इसी तरह से पंछी जागते है। इसी तरह से फूल जागते है। वे सब उसी से जागते है और अगर आप संवेदनशील है तो आपको भी वह महसूस होगा और सुबह उठने के वजह से आप कम से कम दस साल छोटे दिखोगे। सही में यह सुबह में उठना इतनी अच्छी बात है कि आप स्वयं अपने आप ही जल्दी सोने लगेंगे। ये हुई बात सुबह जल्दी उठने की, सोने के लिए मुझे कहने का आवश्यकता नहीं, ये आप अपने आप कर सकते है।

फिर सुबह का वक्त आप को सिर्फ ध्यान करना है। ध्यान में आप अपने विचारों को रोकने की कोशिश करें, मेरी तस्वीर को देखकर आप अपने विचारों को रोके। बस, इसे करना है, ध्यान से पहले विचार नहीं होना चाहिए। वरना आप अपनी ध्यान की शुरुवात नहीं कर सकते। पहले अपने विचारों को रोकिए, मेरी तस्वीर को देखिए, खुली आँखो से, और देखिएगा की आप अपने विचारों को रोक लें। एक बार जब आपके विचार रुक जाए तब आप अपनी ध्यान में जाइए। अपने विचारों को रोकने का सबसे सरल उपाय है "Lord's Prayer" क्योंकि वह आज्ञा की स्थिती है। तो फिर आप सुबह में "Lord's Prayer" या फिर गणेश मन्त्र को याद करिए, अगर आप को आता है, गणेश मन्त्र सुबह में,

वैसे दोनो एक ही है मै फिर ''मैंने क्षमा किया'' कहा तो भी चलेगा। आप गणेश मन्त्र से शुरु कर सकते है, फिर "Lord's Prayer" और फिर उन्हें कहें कि ''मैंने क्षमा किया।'' ये कार्यान्वित होता है। तब आप निर्विचार अवस्था में होते है। बस, आप ध्यान करिए । इससे पहले कोई ध्यान नहीं हो सकती थी। तब विचार आते थे। मुझे चाय लेना है। मैं क्या करुं? अब मुझे क्या करना है, ये कौन है? वो कौन है? इस तरह के विचार रहेंगे। इसलिए सबसे पहले निर्विचार अवस्था में आ जाइए। इसके बाद ही आपका उत्थान शुरु होता है। धार्मिक उत्थान उसके बाद ही शुरु होता है और उससे पहले नहीं होता है। तो सबसे पहले आप अपनी निर्विचार अवस्था को प्राप्त कर लें। अब जब आपने अपनी निर्विचार अवस्था प्राप्त कर ली है, फिर भी आपको इधर-उधर थोड़ी सी चक्रों की पकड महसूस हो सकती है, भूल जाइये इसे, बस भूल जाइये। अब आपको अपने समर्पण को शुरु कर देना चाहिए। आप देखोगे, जैसे कि आपका दाया बाजू पकड़ रहा है तो आपको कहना चाहिए कि ''माताजी, मैं इन चीज़ों को समर्पण करता हूँ।'' देखिएगा इस तरह से कार्यान्वित होता है। अन्य सभी चीज़ों को करने के बजाय आप सिर्फ इसे कह सकते है पर वह समर्पण केवल तार्किक नहीं होना चाहिए। अगर आप अभी तर्क से जुड़े है और सोचते हैं कि ''मै ऐसा क्यों कहूँ'' तो कहने का कोई लाभ नहीं। आप के हृदय में प्रेम और पवित्रता यदि है तो ये एक सबसे अच्छी चीज़ है, जो कि बड़ा ही कठिन है करना, अहंकारयुक्त समाज में। इस विषय के बारें में बाते करते वक्त भी मुझे थोड़ी सी चिंता हो रही है। पर आप में अगर कोई चक्र पकड़ता है तो आप समर्पण करिए, और आप देखोगे कि चक्र शुद्ध हो जाते हैं।

सुबह के वक्त आप बहुत यहाँ वहाँ मत होते रहें। अपने हाथों को बहुत मत हिलाइये, कोई जरुरत नही। आप देखेंगे की उस ध्यान में ही कई सारे चक्र खुल जाते हैं। सिर्फ अपने हृदय में प्रेम भरने का प्रयत्न करे। बस कोशिश करिए। आप सबसे पहले अपने हृदय पर ध्यान रखिए या फिर अपने हृदय में देखें और वहाँ कोशिश करकें अपने गुरु को अपने दिल की गहराई में रखिए। हृदय में स्थापित करने के बाद आप उसे नमन करें। आत्म-साक्षात्कार पा लेने के बाद पूरी भक्ति और श्रद्धा के साथ आप अब जो भी मन से करते हैं वह केवल कल्पना नहीं रह जाती क्योंकि अब आपका मन आपकी कल्पना जागृत हो चुकी है। आप अपने को इस तरह से केंद्रित करें की आप विनम्रता से आपके गुरु को नतमस्तक हो जायें और आप उस स्वभाव की याचना करे, जो की ध्यान करने के लिए चाहिये या फिर उस स्थिति की माँग करें जो की ध्यान करने के लिए आवश्यक है। ध्यान तब होता है जब आप परमात्मा से एक होते है।

अब अगर विचार आ रहे है तो फिर अब पहले वाले मन्त्र अवश्य कहें और अन्दर की ओर देखें अवश्य आपको गणेश मन्त्र भी कहना चाहिए, जो कुछ लोगों को सहायता कर सकती है और फिर आपको अपने अन्दर देखना चाहिए। देखें सबसे बड़ी बाधा क्या है? विचारों को रोकने के लिए आपको निर्विचार मन्त्र कहना है। ''ओऽम् त्वमेव साक्षात् श्रीनिर्विचार साक्षात् श्रीमाताजी श्रीनिर्मलादेव्यै नमो नमः''

अब हम आपके अहंकार वाली बाधा पर आएंगे, क्योंकि देखिए विचार तो रुक गए है, इसमें कोई शक नहीं, पर देखिए अभी सिर पर भारीपन है तो फिर अगर ये अहंकार है तो फिर आप को कहना चाहिए, ''ॐ

त्वमेव साक्षात् श्रीमहत्-अहंकार साक्षात् श्रीनिर्मलादेव्यै नमो नमः'' तीन बार कहिए। महत् का मतलब होता है महान अहंकार । अभी अगर आपको अहंकार महसूस हो तो फिर आप अपनी बाईं तरफ को उँचा उठा के दाईं की तरफ नीचे कर देना है जिससे अहंकार और प्रति अहंकार दोनो ही संतुलित हो जाएंगे। इसे सात बार करिए। अन्दर किस तरह से लग रहा है इसे महसूस करिए। आप देखिए, अब अपनी कुण्डलिनी को उठाकर सिर पर बाँध दे। फिर से कुण्डलिनी को उठाकर बाँध दे। अब सहस्रार पर सहस्रार के मन्त्र को तीन बार कहिए।

एक बार जब अपने को संतुलित कर दें, तब, सबसे अच्छा होगा कि आप अपने भावनाओं पर ध्यान दें। अपने 'मनस्-शक्ति' पर ध्यान दें, अपनी माँ को याद करते हुए आप अपनी भावनाओं को प्रकाशमय कर सकते हैं। ठीक है? बस उन्हें जागृत करिए।

ये सारी समस्याओं का हल कर देता है, मन की जो भी समस्या हो। तो एक बार जब आप अपनी भावनाओं से जुड़ जाएंगे और ध्यान में आप उन्हें देखे तो आप पाओगे कि ये भावनायें आपके अन्दर बढ़ रही है। और अगर आप भावनाओं को अपनी माँ के आगे रख दे, (जैसे कि कहते है 'आप की 'माँ' की ही चरण कमलों में') तो वे सारी भावनाएं विलीन होने लग जाएंगी और फैल सी जाएंगी। आप देखिए बिखर जाएंगी। आप उन्हे इस कदर बिखरा पाओगे कि आप को लगेगा कि ये आप के कब्जें में हैं। और इन भावनाओं को कब्जे में करने से आपकी भावनायें फैल जाती है, प्रज्वलित हो जाती है और शक्तिवान हो जाती है।

अब आपको करना ये है कि आप को अपने साँस पर नजर रखनी है। अब देखिए, कोशिश करके अपनी साँस की गति को धीमा करिए। इस

कदर कम करिए जैसे साँस लिया हो। कुछ देर के लिए रुक जाइये और फिर साँस अन्दर लीजिए। लम्बे समय के लिए फिर से आप साँस बाहर निकालिये। इस तरह से एक मिनट में आपकी साँस सामान्य से भी कम हो जाएगी। ठीक है? ऐसी कोशिश कीजिए और अपना चित्त अपनें भावनाओं पर रखे। आप देखिए। ठीक है?

अब कुण्डलिनी को उठते हुए देखें (महसूस करे)। अब जब आप साँस ले रहे है, आप देखेंगे कि एक साँस और दूसरे साँस के बीच में अंतर है-जिसे आप को खाली छोड देना है। साँस अंदर लीजिए। उसे वहाँ रखिए। अब बाहर की ओर श्वास कीजिए और बाहर की ओर साँस निष्कासित करते रहिए। अब अंदर साँस लीजिए। अब इस तरह से साँस अन्दर लीजिए कि सही में आप अपना श्वास कम कर लें।

ऐसे वक्त आपका चित्त आपके हृदय पर होना चाहिए या फिर आपके भावना पर भी हो सकता है। बेहतर होगा कि साँस को कुछ देर के लिए अंदर ही रखें। पकड कर रखिए। बाहर लाएं। बाहर पकडें रखें। बाद में उसे कुछ देर तक बाहर रखें। फिर से। आप देखेंगे कि कुछ देर के लिए आपने साँस लिया ही नहीं है। बहुत अच्छा। देखिए आप स्थिर हो गए है। लय आ जाती है आपके प्राण और मन के बीच में। दोनो शक्तियाँ एक हो जाती है।

अब अपने कुण्डलिनी को ऊपर में उठाइए और बाँध दीजिए। फिर से, कुण्डलिनी को ऊपर उठाईए और ऊपर बाँध दीजिए, सिर के ऊपर। फिर से कुण्डलिनी को उठाइए और ऊपर तीन बार बाँध दीजिए।.

अब सहस्रार पर आप को सहस्रार मन्त्र बोलना है तीन बार-

ॐ त्वमेव साक्षात्
श्री कल्की साक्षात्
श्री सहस्रार स्वामिनी
मोक्ष-प्रदायिनी माताजी
श्रीनिर्मलादेव्यै नमो नमः

अब आप देखे, सहस्रार खुल गया है। आप देखेंगे कि सहस्रार को फिर से इस तरह खोल सकते हैं और देखिए कि आप वहाँ स्थिर रहें। एक बार ऐसा हो जाये,-तब आप ध्यान में जा सकते हैं।

अपने श्वास को रोकिए, ये बेहतर होगा। आप अपने श्वास को घटाइये जैसे कि आप उसको रोकने का प्रयत्न कर रहे हो, पर कोई जोर न दें।

प.पू.श्री माताजी निर्मला देवी,
ब्रह्मा गार्डन्स, लंडन-१९८१

ध्यानधारणा एवं प्रार्थनाएं

कितने भयानक समय से हम गुजर रहे हैं। इससे मुकाबला करना आवश्यक है। अब तक लड़े गए युद्धों से यह कार्य कहीं कठिन है। मानव द्वारा किए गए सभी संघर्षों से यह कहीं कठिन है। एक भयानक विश्व की सृष्टि हो चुकी है और हमने इसे परिवर्तित करना है। यह अति कठिन कार्य है। इसके लिए आपको अत्यन्त सच्चाई से कार्य करना होगा। मुझे विश्वास है कि यह घटित होगा। इसे घटित होना होगा। एक मस्तिष्क तथा हृदय से, सामूहिक रूप में आपने यह प्राप्त करना है। मैं क्या बलिदान करूँ ? मुझे क्या करना चाहिए? किस प्रकार मुझे सहायता करनी चाहिए? मेरा क्या योगदान है? काश, मैं अपने जीवनकाल में वे दिन देख पाती। अतः आज हमें अन्तर्दर्शन करना है।

तो क्या हम ध्यान करें ? कृपया आप सब अपनी आँखे बंद कर लीजिए। जैसे हम जन कार्यक्रम में करते हैं वैसे ही ध्यान करेंगे। अपना बायाँ हाथ मेरी ओर करके शरीर के बायें भाग में आप सब कार्य करेंगे। सर्वप्रथम अपने हृदय पर दायाँ हाथ रखना है। हृदय में शिव का निवास है, आत्मा का स्थान है। अतः आपने अपनी आत्मा का धन्यवाद करना है कि इसने आपके चित्त को प्रकाशमय किया है। क्योंकि आप संत है अतः जो प्रकाश आपके हृदय में हुआ है उससे आपने पूरे विश्व को ज्योतिर्मय करना है। अतः कृपया अपने हृदय में प्रार्थना कीजिए कि :

श्री माताजी, परमात्मा के प्रति मेरे प्रेम का यह प्रकाश पूरे विश्व में फैले।

अपने प्रति पूर्ण सच्चाई तथा समझदारी रखते हुए कि आप परमात्मा से जुड़े हुए हैं और पूर्ण आत्मविश्वास से आप जो इच्छा करेंगे वह पूरी होगी।

अपना दायाँ हाथ अपने पेट के उपरी हिस्से पर, बाईं ओर रखें। यह आपके धर्म का केन्द्र है। यहाँ आपको प्रार्थना करनी है कि : श्री माताजी , विश्व निर्मला धर्म पूरे विश्व में फैले।

हमारा धार्मिक जीवन तथा धर्मपरायणता लोगों को प्रकाश दिखाए।

अपनी धर्मपरायणता लोगों को देखने दें ताकि वे विश्व निर्मला धर्म स्वीकार करें जिसके द्वारा उन्हें ज्ञान, हितैषिता, उच्च जीवन तथा उत्थान की इच्छा प्राप्त होगी।

अब अपना दायाँ हाथ अपने पेट के निचले हिस्से पर, बाई ओर रखें। इसे थोड़ा सा दबायें। यह आपकी शुद्ध विद्या का केंद्र हैं। सहजयोगी होने के नाते यहाँ पर आप कहें कि :-

परमात्मा की कार्यप्रणाली का पूर्ण ज्ञान हमें हमारी श्री माताजी ने प्रदान किया है। हमारी सूझबूझ तथा सहनशक्ति के अनुसार श्री माताजी ने हमें सारे मंत्र तथा शुद्ध विद्या दी है। हम सब को इसका पूर्ण ज्ञान होना चाहिए।

मैंने देखा है कि, यदि पति अगुआ है तो पत्नी को सहजयोग का एक शब्द भी नहीं आता। यदि पत्नी को सहजयोग का ज्ञान है तो पति इसके बारे में कुछ नहीं जानता। प्रार्थना कीजिए कि --

श्री माताजी, मुझे इस ज्ञान में निपुण कीजिए ताकि मैं लोगों को आत्मसाक्षात्कार दे सकूं, तथा उन्हें दैवी-कानून, कुण्डलिनी तथा चक्रों के विषय में समझा सकूं। श्री माताजी कृपा कीजिए कि मेरा चित्त सांसारिक वस्तुओं की अपेक्षा सहजयोग में अधिक हो।

अब दायाँ हाथ पेट के उपरी हिस्से में, बाईं ओर रखें। आँखे बंद रखें। पेट को हाथ से थोड़ा सा दबा कर रखें। यहाँ पर कहें कि श्री माताजी ने मुझे आत्मा प्रदान की है, जो कि मेरी गुरु हैं। पूर्ण हृदय से कहें :-

श्री माताजी, मैं स्वयं का गुरु हूँ। मुझमें असंयम न हो, मेरे चरित्र में गरिमा और आचरण में उदारता हो। अन्य सहजयोगियों के लिए मुझमें करुणा तथा प्रेम हो। श्री माताजी मुझ में बनावटीपन न हो। परमात्मा के प्रेम तथा उसके कार्यों का गहन ज्ञान मुझे हो ताकि जब लोग मेरे पास आयें तो मैं उन्हें प्रेम तथा नम्रतापूर्वक सहजयोग के विषय में बता सकूं और यह महान ज्ञान उन्हें दे सकूं।

अब अपना दायाँ हाथ अपने हृदय पर रखें। यहां पूर्ण हृदय से कहें :-

श्रीमाताजी, आनन्द तथा क्षमा के सागर का अनुभव आपने हमें प्रदान किया। अपनी ही तरह अत: क्षमाशीलता आप ने हमें दी। श्री माताजी आपको कोटि-कोटि प्रणाम। कृपा करके मेरे हृदय को इतना विशाल कीजिए कि पूरा ब्रह्माण्ड इसमें समा जाए। मेरा प्रेम आपके नाम का गुंजन करे। मेरा हर श्वास आपके प्रेम की सुन्दरता की अभिव्यक्ति करे।

अब आप अपना दायाँ हाथ बाईं विशुद्धि की ओर से ले जाकर गर्दन के मध्य में पीछे की ओर मध्य विशुद्धि चक्र पर रखें। पूर्ण विश्वास के साथ कहें:-

मैं कपट तथा दोष से लिप्त नहीं रहूँगा। अपने दोषों को मैं छिपाऊँगा नहीं, उनका सामना करके उनसे मुक्त हूँगा। मैं दूसरों के दोष नही ढूँढूंगा। अपने सहजयोग के ज्ञान द्वारा उन्हें दोषमुक्त करुँगा। (हमारे पास चुपके-चुपके दूसरों के दोष दूर करने के बहुत से तरीके है) श्री माताजी

मेरी सामूहिकता को इतना महान बनाइए कि पूर्ण सहजयोग जाति मेरा परिवार, मेरे बच्चे, मेरा घर तथा मेरा सर्वस्व बन जाएं क्योंकि हम सबकी एक ही माँ है। अत: मुझमें पूरी तरह तथा अन्तर्जात रूप से यह भाव जागृत हो जाए कि मैं पूर्ण का ही अंग प्रत्यंग हूँ, मुझे पूरे विश्व की समस्याओं को जानने की तथा अपनी शुद्ध इच्छा तथा शक्ति से उनका समाधान करने की चिंता हो। श्री माताजी कृपा करके हमें अपने हृदय में, अन्तर्जात रूप से पूरे विश्व की समस्याओं को जानने तथा उनके कारणों को जड़ से समाप्त करने की भावना मुझे प्रदान कीजिए। मुझे इन समस्याओं के मूल तक पहुँचाइये ताकि मैं अपनी सहजयोग तथा सन्त सुलभ शक्तियों द्वारा इन्हें दूर करने का प्रयास करूँ।

अब अपने दायें हाथ से आप अपने कपाल को पकड़िये। यहाँ आपको यह कहना होगा कि :

श्री माताजी, मैं उन सब लोगों को क्षमा करता हूँ, जो सहजयोग में नही आये हैं, जो अभी परिधि-रेखा पर हैं, जो आते है और जाते हैं, जो कभी सहजसागर के अन्दर कूदते हैं और कभी इससे बाहर।

परन्तु सर्वप्रथम मैं सारे सहजयोगियों को क्षमा करता हूँ क्योंकि वे सब मुझसे कहीं अच्छे हैं। मैं उनके दोष खोजने की चेष्टा करता हूँ पर वास्तव में मैं उन सबसे तुच्छ हूँ। मुझे सबको क्षमा करना हैं क्योंकि मुझे अभी बहुत दूर जाना हैं। मैं अभी बहुत तुच्छ हूँ। मुझे स्वयं को सुधारना हैं।

यह नम्रता हममें आनी चाहिए, अत: आपको यहाँ कहना होगा कि -

श्री माताजी, मेरे हृदय की सच्ची नम्रता मेरे अन्दर क्षमाभाव उत्पन्न करें

ताकि मैं वास्तविकता, परमात्मा तथा सहजयोग के प्रति नतमस्तक हो जाऊँ।

अब आप अपना दायाँ हाथ सिर के पीछे के भाग पर रखें। सिर को अपने हाथ पर पीछे की ओर झुका लें। यहाँ पर आप कहें कि :-

श्री माताजी, अभी तक आपके प्रति हमने जो भी अपराध किये हैं, हमारे मस्तिष्क में जो भी बुराई आती है, जो भी तुच्छता आपको दिखाई है, किसी भी प्रकार से आपको दु:ख पहुँचाया है या आपको चुनौती दी है, तो कृपा करकें हमें क्षमा कर दीजिए।

आपको क्षमा मांगनी पड़ेगी। अपने विवेक से आपको जानना चाहिए कि मैं क्या हूँ। मुझे बार-बार यह बताने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए, सहस्रार पर नहीं।

अब सहस्रार पर आपको मेरा धन्यवाद करना होगा। अपना दायाँ हाथ सहस्रार पर रखकर सात बार घड़ीकी सुई की दिशा में इस प्रकार घुमाएं कि सिर की चमड़ी भी हल्की-हल्की घूमें। सात बार मेरा धन्यवाद करें। कहें कि :

श्री माताजी, आत्मसाक्षात्कार प्रदान करने के लिए हम आपके आभारी हैं। आपको कोटि-कोटि प्रणाम।

श्री माताजी, हमारी महानता हमें समझाने के लिए हम आपके आभारी हैं। आपको कोटि-कोटि प्रणाम।

श्री माताजी, परमात्मा के सभी आशीर्वाद हम तक लाने के लिए हम आपके आभारी हैं। आपको कोटि-कोटि प्रणाम।

श्री माताजी, हमें तुच्छता से उठा कर उच्च स्थिती पर लाने के लिए हम आपके आभारी हैं। आपको कोटि-कोटि प्रणाम।

श्री माताजी, जो आश्रय आपने हमें प्रदान किया तथा आत्मोन्नति के लिए जो सहायता आपने कृपा करके हमें दी उसके लिए हम हृदय से आपके आभारी हैं। आपको कोटि-कोटि प्रणाम।

श्री माताजी, हम हृदय से आभारी हैं कि आप पृथ्वी पर अवतरित हुए मानव जन्म लिया और हम सब के उत्थान के लिए घोर परिश्रम कर रहे हैं। आपको कोटि-कोटि प्रणाम।

श्री माताजी, हमारा रोम रोम आपका ऋणी है। आपको कोटि-कोटि प्रणाम।

जोर से दबायें और जोर से हिलायें। अब अपने हाथों को नीचे लीजिए। सब के सिर बहुत गरम हो गये हैंइसलिए हम अपने आपको एक अच्छासा बंधन देंगे। श्री माताजी के बंधन में हम अपने बाईं बाजू को दाँईं ओर ले जाएंगे। अच्छी तरह से। आप क्या है इसे समझने की कोशिश करें। आपका परिमल क्या है?अब फिर से दूसरी बार। अब तीसरी बार। अब चौथी बार। अब पाँचवी बार। अब छठी बार। और अब सातवाँ बार।

अब अपनी कुण्डलिनी को धीरे से उठायें, बहुत धीरे से। पहली बार उठायें, आपको बहुत धीरे से करना है। अब अपने सिर को पीछे की ओर हटाकर के गाँठ बाँधना है, एक गाँठ। दूसरी बार हमें इसे बहुत धीरे से करना है और जानते हुए कि आप कौन है, आप सन्त है। अच्छी तरह से करें, जल्दबाजी में न करें। अपने सिर को पीछे हटाकर के दो गाँठ बाँधने है, एक और दो।

चलिए तीसरी बार करें। फिर से, तीसरे वाले को आप को तीन गाँठ देने हैं। बहुत धीरे से करिए, बहुत धीरे से। अब ठीक से करिए। अपने सिर को पीछे हटाकर तीन गाँठ दीजिए। तीन बार।

अब अपने चैतन्य लहरियों को देखें। इस तरह से देखें। सभी बच्चे अपने चैतन्य लहरियों को इस तरह से हाथ रखकर देखें। बहुत ही सुन्दर। मुझे आप से चैतन्य की लहरियाँ महसूस हो रही है।

धन्यवाद! अनन्त आशीर्वाद!

प.पू.श्री माताजी निर्मला देवी,
शुडी कैम्प, यू.के., १८ जून १९८८

सर्वाधिकार सुरक्षित

बिना पूर्व आज्ञा के इस पुस्तक के किसी भी भाग की प्रतिलिपि या किसी भी रूप में प्रसारण वर्जित है। कोई भी व्यक्ति अनधिकृत रूप से यदि इसका प्रकाशन करता है तो उस पर हानिपूर्ति का दावा किया जाएगा।

Nirmal Transformation Pvt. Ltd.